अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) :

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) :

[कुल प्रश्नों की संख्या : 13] [Total No. of Questions: 13]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 04] [Total No. of Printed Pages : 04]

[समय : 3.15 घंटे] [Time: 3.15 Hours]
[पूर्णांक : 70] [Maximum Marks : 70]

# कक्षा 10वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2025–26
# Class 10th Half Yearly Examination, 2025-26
## हिन्दी / HINDI

## [ 1001 ]

***सामान्य अनुदेश :***

1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंकभार अंकित है।

***General Instructions :***

1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

**निर्देश – परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–**

**(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।**

**(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**

**(3) प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।**

<u>भाग – 'अ'</u>

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिन तत्त्वों की आवश्यकता है, उनको प्राप्त करना ही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। शिक्षा मानव जीवन के लिए वैसी ही है जैसे संगमरमर के टुकड़े के लिए शिल्पकला। फलतः शिक्षा केवल ज्ञान दान ही नहीं करती अपितु संस्कार और सुरुचि के अंकुरों का पोषण भी करती है। वस्तुतः अपने को जीवित रखने के लिए अपने वातावरण तथा उसकी सापेक्षता में निज को समझ कर जीवन के अनुकूल कार्यों को करना और प्रतिकूल का निवारण ही शिक्षा का उद्देश्य है। शिक्षा मनुष्य को संस्कारबद्ध कर उसे मानवीय गुणों से विभूषित करती है तथा साथ ही स्वाभिमान से जीना सिखाने में सहायता कर मनुष्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए – (1)
(अ) शिक्षा का उद्देश्य (ब) जीवन जीने की कला
(स) स्वाभिमान (द) शिल्पकला

(ii) शिक्षा मनुष्य को बनाती है – (1)
(अ) संस्कारबद्ध (ब) मानवीय गुणों से विभूषित
(स) स्वाभिमान से जीना सिखाना (द) उपर्युक्त सभी

(iii) शिक्षा का उद्देश्य है – (1)
(अ) मानवता का विकास (ब) दानवता का विकास
(स) जीवन जीने की कला सिखाना (द) सद्गुणों का ज्ञान

(iv) मनुष्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है – (1)
(अ) शिक्षा (ब) शिल्पकला
(स) संस्कार (द) वातावरण



Scanned with OKEN Scanner

प्र.2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

चाह नहीं, मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ,
चाह नहीं सम्राटों के शव पर
हे हरि! डाला जाऊँ,
चाह नहीं देवों के सिर पर
चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ,
मुझे तोड़ लेना बनमाली,
उस पथ पर तुम देना फेंक,
मातृ–भूमि पर शीश चढ़ाने,
जिस पथ पर जावें वीर अनेक।।

(i) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक क्या है? (1)
(ii) "इठलाना" का शाब्दिक अर्थ क्या है? (1)
(iii) फूल ने क्या चाहा है? (1)
(iv) इस पद्यांश में निहित संदेश क्या है? (1)

## भाग – 'ब'

प्र.3 संकेत–बिन्दुओं के आधार पर निम्न में से **किसी एक** विषय पर निबंध लिखिए – (लगभग 300 शब्दों में) (6)

(i) विद्यार्थी जीवन और खेलकूद –
(अ) प्रस्तावना (ब) खेलकूद का महत्त्व (स) खेल और स्वास्थ्य (द) अन्य लाभ

(ii) भ्रष्टाचार –
(अ) प्रस्तावना (ब) भ्रष्टाचार के कारण (स) भ्रष्टाचार रोकने के उपाय (द) उपसंहार

(iii) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ –
(अ) प्रस्तावना (ब) कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम हेतु प्रयास
(स) बेटियों को बचाने में शिक्षा का महत्त्व (द) उपसंहार

प्र.4 स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डाबी का मनीष मानकर प्रधानाचार्य महोदय को खेल सप्ताह आयोजनार्थ एक प्रार्थना पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

स्वयं को अनीता मानते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए जिसमें आपकी बोर्ड परीक्षा तैयारी एवं समय प्रबंधन के बारे में बताया गया हो। (4)

प्र.5 निम्नलिखित कथनों या सूक्तियों का पल्लवन या भाषा विस्तार कीजिए – (4)
"जैसी संगति बैठिए तै सोई फल दीन"

**अथवा**

निम्नलिखित अवतरण या अनुच्छेद का संक्षेपण एक–तिहाई शब्दों में कीजिए – (4)

राष्ट्रभाषा की आवश्यकता राष्ट्रीय सम्मान की दृष्टि से भी है। अपने को एक ही राष्ट्र के निवासी मानने वाले दो व्यक्ति किसी विदेशी भाषा में बात करें यह हास्यास्पद असंगति है। इस बात का द्योतक भी है कि उस देश में कोई समुन्नत भाषा नहीं है। दूसरे के सामने हाथ पसारना समृद्धि का नहीं, दरिद्रता का चिह्न है। दूसरे की भाषा से काम चलाना बहुत कुछ वैसा ही है। जिसकी अपनी भाषा है वह दूसरे की भाषा क्यों उधार ले? इससे राष्ट्रीय सम्मान में बट्टा लगता है। विदेशों में जाने पर भारतीयों को अंग्रेज़ी में बातें करते देखकर वहाँ के निवासी आश्चर्य से पूछ बैठते हैं कि क्या आपकी कोई भाषा नहीं है? इस प्रश्न का उत्तर दिया जाए। भाषाएं तो हमारे यहाँ अनेक हैं, एक से एक सुन्दर व समृद्ध। हीन भावना के कारण हम उनको नहीं अपना पाते।



Scanned with OKEN Scanner

## भाग – 'स'

प्र.6 बहुचयनात्मक प्रश्न – (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)

(i) "लखनवी अंदाज़" पाठ के लेखक हैं – (1)

(अ) रामवृक्ष बेनीपुरी (ब) स्वयं प्रकाश (स) यशपाल (द) जयशंकर प्रसाद

(ii) "यह दंतुरित मुस्कान" कविता का केन्द्रीय पात्र है – (1)

(अ) स्वयं लेखक (ब) शिवनाथ (स) बच्चा (द) माता

(iii) "माता का आँचल" पाठ में लेखक के बचपन का नाम क्या है? (1)

(अ) शिव सहाय (ब) भोलानाथ (स) तारक (द) बैजू

(iv) "साना–साना हाथ जोड़ि" पाठ के लेखक का नाम है – (1)

(अ) मन्नू भण्डारी (ब) मधु कांकरिया (स) राजेश जोशी (द) दिनकर

(v) "अधिकतर" शब्द में प्रत्यय है – (1)

(अ) तर (ब) कतर (स) र (द) अ

(vi) "प्रतिदिन" शब्द में समास है – (1)

(अ) अव्ययीभाव (ब) बहुव्रीहि (स) कर्मधारय (द) तत्पुरुष

(vii) कृष्ण ने किसके माध्यम से गोपियों के पास संदेश भेजा था? (1)

(अ) सुदामा (ब) कर्ण (स) अर्जुन (द) उद्धव

(viii) बालगोबिन भगत क्या कार्य करते थे? (1)

(अ) अध्यापक (ब) खेती (स) व्यापारी (द) दुकानदार

प्र.7 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(i) 'रमेश' शब्द .................................................... संज्ञा है। (1)

(ii) 'कामायनी'.................................................... द्वारा रचित काव्यकृति है। (1)

(iii) कर्म के आधार पर क्रिया के .................................................... भेद होते हैं। (1)

(iv) 'सुंदर लड़की नाच रही है।' वाक्य में.................................................... विशेषण है। (1)

प्र.8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

पूरी बात तो अब पता नहीं, लेकिन लगता है कि देश के अच्छे मूर्तिकारों की जानकारी नहीं होने और अच्छी मूर्ति की लागत अनुमान और उपलब्ध बजट से कहीं बहुत ज्यादा होने के कारण काफी समय ऊहापोह और चिट्ठी–पत्री में बरबाद हुआ होगा और बोर्ड की शासनावधि समाप्त होने की घड़ियों में किसी स्थानीय कलाकार को ही अवसर देने का निर्णय किया गया होगा और अंत में कस्बे के इकलौते हाई स्कूल के इकलौते ड्राइंग मास्टर–मान लीजिए मोतीलाल जी को ही यह काम सौंप दिया गया होगा, जो महीने भर में मूर्ति बनाकर पटक देने का विश्वास दिला रहे थे।

(i) गद्यांश के आधार पर बताइए कि मूर्ति बनाने का अवसर किसे दिया गया? (1)

(अ) स्थानीय कलाकार को (ब) लेखक को

(स) सरकारी कार्यालयों को (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) स्थानीय कलाकार को मूर्ति बनाने का कार्य क्यों सौंपा गया? (1)

(अ) देश के अच्छे मूर्तिकारों की जानकारी के अभाव में

(ब) नगरपालिका बोर्ड की शासनावधि समाप्त होने के कारण

(स) (अ) और (ब) दोनों

(द) अच्छी मूर्ति बनाने के लिए

(iii) मूर्ति बनाने वाले कौन थे? (1)

(अ) मास्टर मोतीलाल (ब) स्वयं प्रकाश जी

(स) विदेश के मूर्तिकार (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iv) मूर्ति बनाने के मार्ग में क्या–क्या परेशानियाँ आई होंगी? (1)

(अ) अच्छे मूर्तिकारों का अभाव (ब) बजट का कम होना

(स) स्थानीय कलाकार का गुणी न होना (द) (अ) और (ब) दोनों



Scanned with OKEN Scanner

**अथवा**

लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं। ग्राहक के लिए जीरा–मिला नमक और पिसी हुई लाल मिर्च की पुड़िया भी हाजिर कर देते हैं। नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरे की फाँकों पर जीरा–मिला नमक और लाल मिर्च की सुर्खी बुरक दी।

(i) खीरे के इस्तेमाल का तरीका कौन जानते हैं? (1)

(ii) नवाब साहब ने क्या तैयारी की? (1)

(iii) नवाब साहब जीरा–मिला नमक और लाल मिर्च कहां से लाए? (1)

(iv) 'इस्तेमाल' शब्द का अर्थ बताइए। (1)

प्र.9 भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कछु कहहु सहउँ रिस रोकी।।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई।।
बधें पापु अपकीरति हारे। मारतहु पा परिअ तुम्हारे।।
कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश के कवि का नाम लिखिए। (1)

(ii) लक्ष्मण के अनुसार उनका कुल किस पर आक्रमण नहीं करते? (1)

(iii) 'कोटि कुलिस सम ......................' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है। (1)

(iv) 'हरिजन' शब्द का अर्थ लिखिए। (1)

**अथवा**

"फसल क्या है?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी–काली संदली मिट्टी का गुण–धर्म है
रूपान्तर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का।"

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए। (1)

(ii) कवि के अनुसार फसल क्या है? (1)

(iii) फसल किसका रूपान्तरण है? (1)

(iv) 'संदली' शब्द का अर्थ लिखिए। (1)

## भाग – 'द'

प्र.10 लघु उत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा 40 शब्द)

(1) स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है? (2)

(2) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस–किस से की गई है? (2)

(3) बिस्मिल्ला खां को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहा गया है? (2)

(4) नवाब साहब ने खीरे की फाँकों को बिना खाये ही क्यों फेंक दिया? (2)

(5) संगतकार किस प्रकार गायक का सहयोग करता है? (2)

(6) साना–साना हाथ जोड़ि.............................यात्रावृत्त में भारत के किस क्षेत्र की यात्रा का वर्णन है? (2)

प्र.11 दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा 60 से 80 शब्द)

(i) बच्चे से कवि की मुलाकात का जो शब्द–चित्र उपस्थित हुआ है उसे अपने शब्दों में लिखिए। (3)

**अथवा**

संकलित पदों को ध्यान में रखते हुए सूर के भ्रमरगीत की मुख्य विशेषता बताइए। (3)

(ii) 'निबंध संस्कृति' में व्यक्त विचारों को स्पष्ट कीजिए। (3)

**अथवा**

मन्नू भंडारी के सफल व्यक्तित्व पर उनकी अध्यापिका की भूमिका पर प्रकाश डालिए। (3)

प्र.12 निम्न में से **किसी एक** रचनाकार का जीवन परिचय लिखिए – (उत्तर सीमा 100 शब्द) (5)

(i) यशपाल (ii) जयशंकर प्रसाद

प्र.13 पाठ राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद के आधार पर परशुराम की स्वभावगत विशेषता लिखिए। (5)

**अथवा**

कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती है। इस कथन के आधार पर स्पष्ट करें कि आम जनता की देश की आर्थिक प्रगति में क्या भूमिका है? (5)

----------------------------------



Scanned with OKEN Scanner